राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

श्रीमहावीर जयंती, डॉ. अम्बेडकर जयंती और वैशाखी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्रीमहावीर जयंती, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती और वैशाखी(14 अप्रेल) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि भगवान महावीर और डॉ. अम्बेडकर का जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने आह्वान किया कि इन महापुरुषों के विचारों का अनुसरण कर हमें समरस और सर्व समावेशी समाज के निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।

———

राज्यपाल गुरुवार को सागवाड़ा जाएंगे

जयपुर, 13 अप्रेल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा जाएंगे। सागवाड़ा में गायत्री परिवार के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद उनका सायं तक जयपुर वापसी का कार्यक्रम है।

————